भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 146

जिसका उत्तर 29.01.2026 को दिया जाना है

राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन

146. श्री कल्याण बनर्जी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की योजना वर्ष 2035 तक देश के सभी वाहनों को संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी), हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) से बदलने की है;

(ख) यदि हां, तो "राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन" के अंतर्गत वाहनों और अन्य उपयोगों के लिए सस्टेनेबल हाइड्रोजन इनोवेशन एंड एक्सेलेरेशन सेंटर (शिव) के संबंध में की गई पहलों और हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार का गंभीर वायु प्रदूषण से निपटने और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को 50 से नीचे बनाए रखने के लिए देश में पेट्रोल और डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। सरकार ने देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित पहलें की हैं:

(i) बैटरी चालित परिवहन वाहनों को परमिट की आवश्यकताओं से छूट देने के लिए दिनांक 18 अक्टूबर, 2018 के का.आ.5333(अ) के माध्यम से अधिसूचना जारी गई।

(ii) बैटरी चालित वाहनों के लिए परमिट शुल्क के भुगतान के बिना अखिल भारतीय पर्यटक परमिट देने के लिए दिनांक 18 अप्रैल, 2023 के सा.का.नि. 302(अ) के माध्यम से अधिसूचना जारी की गई।

(iii) बैटरी चालित वाहनों को पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी करने या नवीनीकरण करने और नए पंजीकरण चिह्न के असाइनमेंट के उद्देश्य से शुल्क के भुगतान से छूट देने के लिए 2 अगस्त, 2021 के सा.का.नि. 525(अ) के माध्यम से अधिसूचना जारी की गई।

(iv) वाहनों में हाइब्रिड इलेक्ट्रिक सिस्टम या इलेक्ट्रिक किट की रेट्रो-फिटमेंट की सुविधा के लिए दिनांक 1 मार्च, 2019 के सा.का.नि.167(अ) के माध्यम से अधिसूचना जारी की गई।

(v) इसके अलावा, सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को बगैर बैटरी वाले दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री और पंजीकरण के संबंध में 12 अगस्त 2020 को एक परामर्शी जारी की गई है।

(vi) सा.का.नि.749 (अ), दिनांक 7 अगस्त, 2018 के तहत अधिसूचना जारी की गई, जिसके अंतर्गत परिवहन वाहनों के लिए हरे रंग की पृष्ठभूमि पर पीले रंग में बैटरी चालित वाहनों के पंजीकरण चिह्न और अन्य सभी मामलों में हरे रंग की पृष्ठभूमि पर सफेद रंग में पंजीकरण चिह्न को सक्षम बनाया गया है।

इसके अलावा, भारत सरकार राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (एनजीएचएम) को लागू कर रही है, जिसका उद्देश्य भारत को हरित हाइड्रोजन और इसके डेरिवेटिव के उत्पादन, उपयोग और निर्यात का वैश्विक केंद्र बनाना है।

सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने एनजीएचएम के तहत परिवहन क्षेत्र में हरित हाइड्रोजन के उपयोग के लिए पायलट परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए योजना दिशानिर्देश जारी किए हैं। भारत भर में 10 विभिन्न मार्गों पर 9 हाइड्रोजन ईंधन भरने वाले स्टेशनों के साथ 37 हाइड्रोजन ईंधन वाले वाहनों की तैनाती के लिए पांच (5) पायलट परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है।

(ग) ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****